हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 13 जून 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

07 आंधी के साथ बरसी आफत की बारिश, 4 की मौत...



08 रेलवे अतिक्रमण कार्रवाई के प्रभावितों को नपा अध्यक्ष ने दिया हरसंभव...



## खबर संक्षेप

### आबकारी टीम की बीना-खुरई क्षेत्र में सघन जांच एवं कार्यवाही

**सागर।** आबकारी टीम द्वारा बीना शहर, खुरई स्टेशन रोड, खुरई टैगोर वार्ड एवं रजवास क्षेत्र की मदिरा दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मदिरा विक्रय दर में अनियमितता एवं अन्य नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर विभागीय कार्यवाही करते हुए कुल 4 प्रकरण कायम किए गए, जिनमें अधिक विक्रय दर से मदिरा विक्रय के 2 प्रकरण शामिल हैं। साथ ही मदिरा दुकानों के आसपास सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करने वालों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 36(ए) के अंतर्गत 1 न्यायालयीन प्रकरण कायम किया गया। आबकारी विभाग द्वारा मदिरा दुकानों के संचालन एवं आसपास की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

### पल्स पोलियो अभियान 28 से 30 जून तक

**सागर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का आयोजन 28 से 30 जून तक किया जाएगा। अभियान के तहत 28 जून को जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों पर 0 से 5 वर्ष आयु तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद (खुराक) पिलाई जाएगी। इसके पश्चात 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं। पोलियो वायरस के खतरे को कम करने तथा समुदाय में पोलियो के विरुद्ध प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए प्रत्येक बच्चे तक पोलियो की दवा पहुंचाना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहयोग करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे।

### उद्यानिकी विभाग की योजनाओं का लाभ लेने पोर्टल पर पंजीयन करें

**सागर।** जिले के किसानों के लिए उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु वर्ष 2026-27 के लिए एमपीएफएसटीएस पोर्टल पर कृषक पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं। उपसंचालक उद्यानिकी पी एस बडोले ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में ड्रिप सिंचाई, पोर्टेबल स्प्रिंकलर, मिनी स्प्रिंकलर, शेडनेट हाउस, पॉली हाउस तथा आम, अमरूद, नींबू, संतरा आदि के नवीन बगीचों की स्थापना जैसी योजनाएं शामिल हैं।

### पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लोक कल्याण मेला आज

**सागर।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अधिकाधिक हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम सागर द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय लोक कल्याण मेला 13 जून शनिवार को प्रातः 11 बजे से नगर निगम कार्यालय नये भवन में आयोजित किया जाएगा। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा संचालित पीएम स्वनिधि योजना का उद्देश्य पथ विक्रेताओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना तथा उन्हें स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पात्र पथ विक्रेताओं को अपना व्यवसाय प्रारंभ करने, व्यवसाय का विस्तार करने तथा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराने की प्रक्रिया संपादित की जाएगी।

खुरई व मालथौन में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का शुभारंभ, कलेक्टर प्रतिभा पाल भी पहुंचीं

# जनकल्याण शिविर जनता तक पहुंचने के लिए सबसे सशक्त माध्यम : पूर्व गृहमंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल के 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के तहत खुरई व मालथौन में तीन दिवसीय अनुविभाग स्तरीय जनकल्याण शिविरों का शुभारंभ पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह और कलेक्टर प्रतिभा पाल ने किया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर खुरई में 35 लाख की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में जनकल्याण शिविर जनता तक पहुंचने का सबसे सशक्त माध्यम है।

पूर्व गृहमंत्री ने जनसमस्या निवारण में उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास है। प्रधानमंत्री ने योजनाओं की लास्ट माइल डिलीवर यानि अंतिम छोर तक पहुँच को सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। जनकल्याण शिविर उनके इसी संकल्प का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि सुशासन के लिए प्रसिद्ध महारानी अहिल्याबाई होल्कर अपने खुले दरबार में बिना किसी मध्यस्थ के सीधे अपनी जनता की फरियाद सुनती थीं। लोकतंत्र और सत्ता केवल सेवा का एक साधन है। जब नेता स्वयं को शासक के बजाय सेवक मानता है। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद कहा था कि वे देश के प्रधान सेवक हैं। उन्होंने लालबत्ती और वीआईपी संस्कृति को समाप्त करने और प्रत्येक नागरिक को समान दृष्टि से देखने का संदेश दिया था।

पूर्व मंत्री ने कहा कि एक सच्चा नेता वह हमेशा अपनी जनता को आगे रखता है और खुद सेवक की भांति पीछे चलता है, ताकि कोई भी पीछे न छूटे और सभी मिलकर आगे बढ़ें। जनकल्याण शिविर महज एक आयोजन नहीं, बल्कि सरकार की जनता के प्रति जवाबदेही का सबसे बड़ा प्रमाण है। ऐसे शिविरों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में आमजनता की प्रतिक्रियाएं भी पता लगती है। लोकतंत्र का मूल मंत्र ‘जनता के लिए’ काम करना है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र केवल संसद में बनने वाले कानूनों से नहीं, बल्कि जनकल्याण शिविरों में मिलने वाले त्वरित न्याय और उसके बाद एक आम आदमी के चेहरे पर संतुष्टि के रूप में दिखाई देता है।

जनकल्याण शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि इस शिविर में दो तरह के आवेदक आए हैं। उनमें से जितने भी हितग्राही हैं, पेंशन आदि के आवेदन लेकर आए हैं उनके लिए दो स्टाल लगाए गए हैं वहां पहुंच कर आवेदन फार्म धैर्य पूर्वक भरवा लें। जो अन्य तरह की समस्याएं लेकर आए हैं वे सीधे आकर अपनी समस्याएं अधिकारियों बताएं। उन्होंने कहा कि तीन दिन यहां शिविर चलेगा जिसमें सभी अधिकारी कर्मचारी आपके आवेदनों का स्थल पर ही निराकरण करेंगे। उन्होंने बताया कि बिना निराकरण के यहां से कोई नहीं जाएगा।

खुरई जनकल्याण शिविर में शिविर के उद्देश्य की रूपरेखा प्रभारी एसडीएम रवीश श्रीवास्तव ने रखी। मालथौन शिविर में जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती मीना कश्यप ने उदेश्य पर प्रकाश डाला। नपं सीईओ खरे ने शिविर का महत्व बताया।



## श्रुत पंचमी महामहोत्सव एवं पाठ शाला दिवस का आयोजन 19 को

**गढ़ाकोटा।** श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, बस स्टैंड में दिनांक 19 जून, शुक्रवार को श्रुत पंचमी महा महोत्सव एवं पाठशाला दिवस का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम प्रातः 7 बजे अभिषेक एवं शांतिधारा से प्रारंभ होगा। इसके पश्चात सर्वसिद्धिदायक 44 मंडलीय कल्याण मंदिर स्तोत्र विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ संपन्न होगा। विधान के मध्य पाठशाला ज्ञान कलश स्थापना का पुण्य अवसर रहेगा तथा सभी श्रद्धालुओं के लिए वात्सल्य स्वल्पाहार की व्यवस्था रहेगी। इस अवसर पर जिनवाणी के चारों रूपों के दर्शन एवं आचार्य पुष्पदंत-भूतबली विरचित हस्तलिखित षट्खण्डागम ग्रंथ के दर्शन एवं स्पर्श का दुर्लभ सौभाग्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी मानक गुंजौरा, सौरभ बरपानी, सुनील रोन, श्रेयांश कारंदा, सीमा बाझल, अर्चना बैसाखिया एवं सुलेखा ऊमरा। संध्याकालीन कार्यक्रम शाम 7 बजे भक्तामर दीप प्रज्वलन आरती से प्रारंभ होगा। तत्पश्चात बड़ा मंदिर, चौधरी मंदिर एवं बस स्टैंड मंदिर की पाठशालाओं के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। साथ ही प्रतिभास्थली में अध्ययनरत नवीन छात्रों, पाठशाला के समस्त बच्चों एवं शिक्षकों का विशेष सम्मान किया जाएगा। बस स्टैंड मंदिर पाठशाला की शिक्षिकाएं कुमारी मयूरी, मुस्कान, इशिता, सेजल, मंजुल, स्नेहा, असी, प्रीति, रश्मि एवं सुधा ताईजी द्वारा बच्चों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी श्रावक-श्राविकाओं से विनम्र निवेदन है कि कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित होकर धर्मलाभ लें तथा बच्चों का उत्साहवर्धन करें, जिससे उनमें ज्ञान एवं धर्म के संस्कार दृढ़ हों। विशेष सूचना : संपूर्ण कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की बोली नहीं लगाई जाएगी।



## ब्लॉक कांग्रेस का पंचायत,वार्ड कमेटियों का सत्यापन व संवाद कार्यक्रम संपन्न

**सागर।** नरयावली विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरयावली एवं सागर ग्रामीण की पंचायत व वार्ड कमेटियों के सत्यापन तथा ब्लॉक एवं मंडलम कार्यकारिणी के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी, नरयावली विधान सभा के प्रभारी लक्ष्मण सिंह ठाकुर तथा जिला ग्रामीण कांग्रेस के संगठन महामंत्री आशीष ज्योतिषी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नरयावली के अध्यक्ष शिवपाल यादव एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने अपने-अपने ब्लॉकों में पार्टी संगठन की गतिविधियों, ब्लॉक, मंडलम एवं पंचायत / वार्ड कमेटियों के गठन तथा संगठन विस्तार की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री चौधरी ने कहा कि बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होता है। बूथ कमेटियों को मजबूत कर ही पार्टी को गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संगठन को और अधिक सक्रिय एवं जनहित के मुद्दों पर संघर्षशील बनाने का आह्वान किया। विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण सिंह ठाकुर ने कहा कि मंडलम एवं बूथ स्तर पर मजबूत संगठन ही सफलता की आधारशिला है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से निरंतर जनसंपर्क एवं संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने का आग्रह किया।जिला ग्रामीण कांग्रेस के संगठन महामंत्री आशीष ज्योतिषी ने कहा कि पार्टी संगठन की वास्तविक ताकत गांव,पंचायत और बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। संगठन के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुने तथा कांग्रेस की नीतियों और विचार धारा को जन-जन तक पहुंचाए। संवाद कार्यक्रम में पंचायत व वार्ड कमेटियों के सत्यापन, संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं जनहित के मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

## मुख्यमंत्री का प्रस्तावित केसली आगमन 14 जून को, देवरी विधायक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 14 जून दिन रविवार को सागर जिले के केसली विकासखंड में आगमन प्रस्तावित है। प्रस्तावित आगमन एवं आयोजित कार्यक्रम को लेकर देवरी विधायक ब्रज बिहारी पटेरिया ने कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला, कलेक्टर प्रतिभा पाल सहित अन्य अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मौसम को देखते हुए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं ताकि आगंतुकों एवं आमजन को कोई भी असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, आवागमन मार्ग, हेलीपैड, सभा स्थल सहित अन्य स्थानों का जायजा लिया।

संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल पर सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि हेलीपैड स्थल सहित अन्य कार्यक्रम स्थलों का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए तथा आगंतुकों के लिए समुचित आवागमन व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही पेयजल, विद्युत एवं स्वच्छता जैसी मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के साथ व्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं। साथ ही सभी संबंधित अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें।

पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला ने सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की जाए। इसके अलावा, उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने और आपात कालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए त्वरित कार्यवाही दल की तैनाती के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने निर्देश दिए कि मौसम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे उन्होंने निर्देश दिए की कार्यक्रम स्थल, पार्किंग स्थल, हेलीपैड पर भी सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिसमें पेयजल, शौचालय, पार्किंग, विद्युत आपूर्ति, जल निकासी सहित अन्य व्यवस्थाएं समय के पूर्व की जाए। उन्होंने कहा कि हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक सड़क मार्ग को आवागमन की दृष्टि से साथ रखें। उन्होंने निर्देश दिए की सभी कार्यक्रम स्थलों पर एम्बुलेंस के साथ डॉक्टर मेडिसिन उपलब्ध रहे।

इस अवसर पर उप पुलिस महानिरीक्षक एस एस चौहान, पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया, जिला पंचायत सीईओ विवेक केवी, उपस्थित रहे।

## जिला समन्वयक के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष मोहन अग्रवाल ने प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव के साथ संभागायुक्त कार्यालय में संभागीय उपायुक्त विनय द्विवेदी से मुलाकात कर जन अभियान परिषद छतरपुर के जिला समन्वयक आशीष ताम्रकार के विरुद्ध गंभीर शिकायत की जांच और उचित कार्यवाही करने की मांग को लेकर संभागायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपा। मोहन अग्रवाल ने बताया कि छतरपुर के जन अभियान परिषद् के जिला समन्वयक पर उनके अधीनस्थ कार्यरत महिला ब्लांक समन्वयक को कार्यालयीन बैठक के दौरान सार्वजनिक रूप से अपमानित करने, अशोभनीय व आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग कर नौकरी से बर्खास्त करवाने की धमकी देकर मानसिक रूप से प्रताड़ित के गंभीर आरोप की शिकायत महिला समन्वयक द्वारा छतरपुर जिला प्रशासन से करते हुए जांच की मांग की गई थी परंतु छतरपुर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जिससे उक्त महिला कर्मचारी भयभीत हैं और मानसिक तनाव में हैं। उन्होंने अनुविभागीय स्तर के अधिकारी से जिला समन्वयक पर लगे आरोपों की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्यवाही करने की मांग की। प्रदेश मंत्री राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी विभागीय या जिला अधिकारी महिला कर्मचारियों के सम्मान को ठेस पहुंचाता है या महिलाएं अपने कार्यालय में असुरक्षा महसूस करती है तो राज्य कर्मचारी संघ ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध आंदोलन को बाध्य होगा उन्होंने भी शिकायत की गंभीरता को देखते हुए जांच कर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।

## पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं परिसंपत्तियों के संरक्षण हेतु कार्यशाला आयोजित

**सागर।** जिला पंचायत सागर सभागार में पेयजल योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित परिसंपत्तियों के संरक्षण के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मध्यप्रदेश जल निगम परियोजना क्रियान्वयन इकाई सागर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण एवं अन्य संबंधित विभागों के 100 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

मानसून पूर्व वृहद पौधरोपण और सामाजिक वानिकी के काम करने के आदेश

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक संपन्न: वन भूमि पर अतिक्रमण व सीमा विवाद सुलझाने के लिए कलेक्टर पाल ने जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। इस उच्च स्तरीय बैठक में मुख्य रूप से वन और राजस्व विभाग के बीच लंबे समय से लंबित सीमा विवादों को सुलझाने, वन भूमि से अतिक्रमण हटाने और वन्यजीव संरक्षण को लेकर व्यापक रणनीति पर चर्चा की गई।

बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक केवी, नगर निगम कमिश्नर राजकुमार खत्री, डीएफओ साउथ वरुण यादव, डीएफओ नॉर्थ चंद्रशेखर सिंह, डीएफओ वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व रजनीश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने राजस्व और वन विभाग के आपसी समन्वय पर विशेष जोर दिया। वन भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित कर तत्काल बेदखली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। वन और राजस्व विभाग की सीमाओं से जुड़े मामलों के निराकरण के लिए संयुक्त दल गठित करने तथा विभिन्न विकासात्मक कार्यों के लिए आवश्यक एफआरए को ध्यान में रखते हुए और एनओसी के मामलों को समय-सीमा में निपटाने के निर्देश दिए गए।

बैठक के एजेंडे में पर्यावरण संतुलन और वन्यजीवों की सुरक्षा के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। जंगलों से गुजरने वाली हाईटेंशन और घरेलू विद्युत लाइनों की सख्त मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए ताकि करेंट लगने से बाघ एवं अन्य वन्यजीवों के शिकार की घटनाओं को रोका जा सके। मानव और वन्यजीवों के बीच बढ़ते टकराव को रोकने के लिए मैदानी अमले को सतर्क रहने तथा स्टेट टाइगर सेल को सक्रिय कर नियमित बैठकें आयोजित करने की बात कही गई।

आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए कलेक्टर ने जिले में हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने को कहा। वन विभाग के नॉर्थ और साउथ दोनों डिवीजनों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाने का खाका तैयार किया गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि सामाजिक वानिकी के माध्यम से खाली पड़ी सरकारी भूमियों और जल गंगा संवर्धन योजना के तहत जल स्रोतों के आसपास व्यापक रूप से पौधे रोपे जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि खनिज और वन क्षेत्र से जुड़े जितने भी संवेदनशील मामले हैं, उन पर पुलिस, राजस्व और वन विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई करे। वन भूमि का संरक्षण और वन्यप्राणियों की सुरक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है, इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए।



## तीन दिवसीय समर कैंप का समापन हुआ

**सागर।** महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्री बाई फुले निःशुल्क शिक्षा केंद्र तिली सागर में महात्मा ज्योतिबा फुले के 200वा जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय समर कैम्प 2026 का समापन गुरुवार शाम विचारोत्तेजक एवं प्रेरणादायी सांस्कृतिक कार्यक्रमो के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजगढ़ से पधारे राधेश्याम ने छात्रों, शिक्षकों अभिभावकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुस्तकों के माध्यम से ही जागरूक, संवेदनशील और सशक्त समाज का निर्माण संभव है, ऐसे छोटे-छोटे कार्यक्रम बच्चों में संवेदनशील और मानवता के गुण पैदा करते हैं आज यहां समाज में जिस तरह से मोबाइल का दौर जारी है उसके कारण कई बच्चे पेरेंट्स की रिस्पेक्ट करना भूल गए हैं मोबाइल आज बच्चों को खतरनाक साबित हो रहा है बच्चे अलग-अलग रहते हैं हम समर कैंप के माध्यम से कोशिश कर रहे हैं बच्चों को एक दूसरे से जोड़ा जाए। यह समय हमारे देश के महान मानवतावादी शिक्षक ज्योतिबा फुले का 200 व जयंती पर साल के उपलक्ष में पूरे मध्य प्रदेश भर में साथ में ही सागर जिले में भी साल भर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे समर कैंप में बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट वर्क, डांस, ड्रामा, एक्टिंग, साइंस एक्सपेरिमेंट, फिल्म शो चित्रकला, खेलकूद तीनों दिवस अलग-अलग विधाय सिखाया गई।शहर के कई लोगों ने समर कैंप में अपना सहयोग प्रदान किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल रहे डायलिसिस टेक्निशियन अरुण कुमार, शिक्षक राजेश पटेल, एडवोकेट राम सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता भावना तिवारी, सामाजिक कार्यकर्ता सोना पटेल, हेमलता पटेल, दृष्टि, बबली कुशवाहा, मुकेश पटेल, अमित पटेल, वरुण कुमार आदि लोगों का सहयोग कार्यक्रम को सफल बनाने में रहा।

चार एकड़ जमीन के विवाद में हुई थी बुजुर्ग दंपति की निर्मम हत्या

# दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, कुल्हाड़ी व बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बैदऊ में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके साथ ही इस चर्चित हत्याकांड में नामजद सभी छह आरोपियों की गिरफ्तारी पूरी हो गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि 6 जून की रात ग्राम बैदऊ में चार एकड़ जमीन के विवाद को लेकर बुजुर्ग दंपति चैनू घोष (65) और उनकी पत्नी पाना बाई घोष (63) की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। आरोप है कि महिला के मायके पक्ष से जुड़े चचेरे भाई और भतीजों ने जमीन को लेकर विवाद के चलते कुल्हाड़ी, लाठी और डंडों से हमला कर दोनों की हत्या कर दी थी। घटना का खुलासा उस समय हुआ जब 7 जून की सुबह दुसयारा मोजा स्थित एक खेत में बुजुर्ग दंपति के रक्तरंजित शव पड़े मिले। दोहरे हत्याकांड की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में सनसनी और दहशत का माहौल बन गया था। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। मृतक दंपति के पुत्र राजू उर्फ गोविंद घोष की शिकायत पर पुलिस ने बीरन घोष, रतिभान घोष, प्रतापभान घोष, शब्बी घोष, रामसिंह घोष और अमित घोष के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों प्रतापभान घोष, अमित घोष, शब्बी घोष, रामसिंह घोष और बीरन घोष को पहले ही गिरफ्तार कर न्यायालय के माध्यम से जेल भेज दिया था। हालांकि घटना का मुख्य आरोपी रतिभान सिंह घोष फरार चल रहा था, जिसकी तलाश के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मुख्य आरोपी उत्तरी कारी तिगैला क्षेत्र में मौजूद है। सूचना के आधार पर घेराबंदी कर आरोपी रतिभान सिंह घोष को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी तथा घटना को छिपाने के उद्देश्य से शवों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में उपयोग की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली गई। पुलिस ने आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली है और मामले की विवेचना आगे बढ़ाई जा रही है। इस दोहरे हत्याकांड के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी में दिगौड़ा थाना पुलिस की विशेष भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों के अनुसार तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर तंत्र और लगातार की गई तलाश के चलते आरोपियों तक पहुंचने में सफलता मिली।

प्रभारी नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश

## मानसून से पहले नालों की सफाई व अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



आगामी वर्षाकाल को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने शहर को जलभराव मुक्त रखने और स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार गुरुवार को डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा ने स्वच्छता सर्वेक्षण और वर्षा पूर्व नाला-नाली सफाई अभियान के तहत शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया तथा मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अध्यक्ष शर्मा ने वार्ड क्रमांक-21 स्थित वृंदावन तालाब से निकलने वाले प्रमुख नाले का इंद्रपुरी कॉलोनी, गिरि पैलेस क्षेत्र एवं भटनागर कॉलोनी तक विस्तृत जायजा लिया। नगर पालिका द्वारा मानसून से पूर्व जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से उक्त नाले की सफाई जेसीबी मशीनों के माध्यम से कराई जा रही है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई कार्य की प्रगति का अवलोकन करते हुए संबंधित ठेकेदार को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अंजली शर्मा ने नाले के ऊपर और आसपास किए गए अतिक्रमणों को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने संबंधित लोगों को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देते हुए कहा कि वर्षा के दौरान जल निकासी में किसी भी प्रकार की बाधा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिक्रमण के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसलिए नालों और नालियों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त किया जाना आवश्यक है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा शहर के अन्य वार्डों में भी विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नालियों की सफाई, कचरे के नियमित उठाव तथा स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मानसून शुरू होने से पहले सभी प्रमुख नालों और जल निकासी मार्गों की सफाई सुनिश्चित कर ली जाएगी ताकि बारिश के समय शहरवासियों को जलभराव और गंदगी की समस्या का सामना न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री अजय दीक्षित, सहायक वर्ग-3 विजय यादव, सफाई प्रभारी हवालदार राकेश बाल्मीकि, अतिक्रमण दल प्रभारी महादेव गोहर सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि बारिश से पहले व्यापक सफाई अभियान, अतिक्रमण पर सख्ती और बेहतर जल निकासी व्यवस्था के माध्यम से शहर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक अमला लगातार मैदानी स्तर पर सक्रिय होकर तैयारियों की निगरानी कर रहा है। प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष अंजली शर्मा ने कहा कि वर्षाकाल के दौरान शहर में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए नालों और नालियों की सफाई युद्धस्तर पर कराई जा रही है। जहां भी अतिक्रमण जल निकासी में बाधा बन रहे हैं, वहां कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने बढ़ाया बच्चों का हौसला, प्रतिभाओं को किया सम्मानित

## बड़े सपने देखो और उन्हें पूरा करने का संकल्प लो: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास संवर्धन और उनके उज्वल भविष्य के निर्माण की दिशा में पुलिस द्वारा एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने समर कैंप में शामिल बच्चों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने बच्चों के साथ बेहद आत्मीय और प्रेरक संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनके पसंदीदा खेलों, पढ़ाई, रुचियों, भविष्य के सपनों और समर कैंप के अनुभवों के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान बच्चों ने भी खुलकर अपने अनुभव साझा किए और बताया कि समर कैंप ने उन्हें नई सीख, आत्मविश्वास और विभिन्न कौशल विकसित करने का अवसर प्रदान किया। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता और जो विद्यार्थी निरंतर मेहनत करते हैं, वही अपने लक्ष्य तक पहुंचते हैं। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों और अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समर कैंप में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान रहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं सम्मान प्रदान किए गए। सम्मान प्राप्त करने वाले बच्चों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ दिखाई दे रहा था। बच्चों ने भी इस सम्मान को अपने लिए प्रेरणा का स्रोत बताया।

अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि खेल और शिक्षा दोनों बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण के मजबूत स्तंभ हैं। खेलों से जहां अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास विकसित होता है, वहीं शिक्षा जीवन में आगे बढ़ने और बेहतर भविष्य निर्माण का आधार बनती है। उन्होंने बच्चों से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण आज के बच्चों के हाथों में है। इसलिए बच्चों को सही दिशा, सकारात्मक वातावरण और प्रोत्साहन देना हम सभी की जिम्मेदारी है। समर कैंप जैसे आयोजन बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम केवल पुरस्कार वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि बच्चों और पुलिस के बीच विश्वास, आत्मीयता और प्रेरणा का एक सशक्त सेतु भी बना। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को यह संदेश दिया गया कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी ही नहीं निभाती, बल्कि समाज के भविष्य को संवारने में भी सक्रिय भूमिका अदा करती है।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, खेल विभाग के अधिकारी, प्रशिक्षकगण एवं समर कैंप में शामिल बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बच्चों से कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया की दुनिया से बाहर निकलकर खेल, पढ़ाई और रचनात्मक गतिविधियों में अधिक समय देने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आज का परिश्रम ही कल की सफलता की नींव बनता है।

## ट्रांसपोर्ट नगर से बदलेगी तस्वीर, बजट हेतु मिलूंगा सीएम से: राकेश गिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे विशेष जनसंपर्क अभियान के दूसरे दिन भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक राकेश गिरी ने शहर के विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर आमजन से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने छात्रों, यात्रियों, मरीजों और स्थानीय नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता के सामने रखा। अभियान के दौरान ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण को लेकर उनका बयान सबसे अधिक चर्चा में रहा, जिसमें उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ के विकास से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए वे शीघ्र ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात करेंगे।

जनसंपर्क अभियान की शुरुआत होटल गिरी पैलेस के समीप स्थित लाइब्रेरी से हुई। यहां पूर्व विधायक राकेश गिरी ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से मुलाकात कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने युवाओं को केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न रोजगार, शिक्षा और कौशल विकास योजनाओं की जानकारी दी तथा उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। इसके बाद पूर्व विधायक रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने यात्रियों से चर्चा कर रेलवे सुविधाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान स्टेशन मास्टर का सम्मान भी किया गया। यात्रियों ने स्टेशन पर उपलब्ध सुविधाओं, यातायात व्यवस्था और अन्य आवश्यकताओं को लेकर अपने सुझाव रखे, जिन पर राकेश गिरी ने संबंधित विभागों तक बात पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

अभियान के अगले चरण में वे जिला अस्पताल पहुंचे और मरीजों व उनके परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल में उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। दिनभर के कार्यक्रमों के बीच सबसे महत्वपूर्ण पड़ाव नवीन बस स्टैंड के पीछे प्रस्तावित ट्रांसपोर्ट नगर की भूमि का निरीक्षण रहा। निरीक्षण के दौरान राकेश गिरी ने कहा कि तेजी से बढ़ते शहर और बढ़ते परिवहन दबाव को देखते हुए ट्रांसपोर्ट नगर अब टीकमगढ़ की प्रमुख आवश्यकता बन चुका है। वर्तमान में भारी वाहन शहर की सड़कों और किनारों पर खड़े रहते हैं, जिससे यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

## सीसीटीएनएस में नंबर-1 व उट हेल्पलाइन में 7वीं बार अव्वल




**पलेरा।** जिला पुलिस ने एक बार फिर पूरे मध्य प्रदेश में अपनी कार्यक्षमता और जनसेवा का लोहा मनवाते हुए नया इतिहास रच दिया है। अपराध और अपराधियों की निगरानी से जुड़ी सीसीटीएनएस क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ-साथ मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में जनता की शिकायतों के त्वरित एवं संतुष्टिपूर्ण निराकरण के आधार पर लगातार सातवीं बार प्रदेश में नंबर-वन रहने की उपलब्धि हासिल की है। इस दोहरी और ऐतिहासिक सफलता की खुशी में पलेरा थाना परिसर में उत्साहपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने केक काटकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। पूरे थाना परिसर में खुशी और गर्व का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रीति भार्गव विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल पुलिस विभाग की नहीं, बल्कि पूरे टीकमगढ़ जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय पुलिस अधीक्षक के प्रभावी नेतृत्व, अधिकारियों के मार्गदर्शन तथा जिले भर के पुलिसकर्मियों की दिन-रात की मेहनत को दिया। थाना प्रभारी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के बेहतर उपयोग, अपराधों की प्रभावी मॉनिटरिंग और जनता की शिकायतों के प्रति संवेदनशील रवैये ने टीकमगढ़ पुलिस को प्रदेश में शीर्ष स्थान दिलाया है। उन्होंने पलेरा थाने के समस्त स्टाफ की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण और सेवाभाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भी सक्रिय भागीदारी रही। क्षेत्रीय पत्रकार अनिल खरे, सद्दाम राईन एवं समीर खान ने पुलिस विभाग की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और तकनीकी रूप से मजबूत कार्यप्रणाली के कारण टीकमगढ़ पुलिस ने प्रदेश स्तर पर यह मुकाम हासिल किया है।

पठा-माडूमर नहर के सुधार कार्य का किया निरीक्षण, 3 दिन में होगा कार्य पूर्ण

## बारिश पूर्व चैन सिस्टम दुरुस्त करने जमीन पर उतरे कलेक्टर श्रोत्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने जिले की जल निकासी एवं जल संरक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने गुरुवार को संबंधित अधिकारियों के साथ पठा-माडूमर नहर पर चल रहे सुधार कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि नहर और उससे जुड़े क्षतिग्रस्त ढांचों के सुधार का कार्य अगले तीन दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा।

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने महेंद्र सागर तालाब को पठा तालाब से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण आवक नहर का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। यह नहर वर्षा जल को एकत्रित कर जलाशयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रशासन का उद्देश्य मानसून के दौरान अधिकतम वर्षा जल का संचयन सुनिश्चित करना तथा जल संसाधनों को संरक्षित करना है। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि ग्राम पंचायत माडूमर क्षेत्र में नन्हे जी के खेत के समीप स्थित वेस्टवेयर तथा अस्तौन पुलिया के पास नहर से जुड़े ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए थे। इसके अलावा सिंचाई विभाग के कार्यक्षेत्र में यादव जी के खेत के पास स्थित पुलिया भी खराब अवस्था में पहुंच गई थी। इन क्षतिग्रस्त संरचनाओं के कारण वर्षा जल के सुचारु प्रवाह में बाधा उत्पन्न होने की आशंका थी, जिसे देखते हुए तत्काल सुधार कार्य प्रारंभ कराया गया। कलेक्टर श्रोत्रिय ने नहर के संपूर्ण चैनल का निरीक्षण कर निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत एवं सिंचाई विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानसून शुरू होने से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी ताकि वर्षा जल का अधिकतम उपयोग हो सके और जलाशयों में पर्याप्त जल संचय सुनिश्चित किया जा सके। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि जिले में वर्षा जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है। नहरों, पुलियों और वेस्टवेयर जैसे महत्वपूर्ण ढांचों की मरम्मत से न केवल जल प्रवाह सुचारु होगा बल्कि तालाबों और जलाशयों की भराव क्षमता भी बढ़ेगी, जिससे किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर, जनपद पंचायत सीईओ मनीष शेंडे, कार्यपालन यंत्री सिंचाई विभाग दीपेंद्र सिंह कुशवाह आदि रहे मौजूद।

## बैकुंठी मार्ग का डामरीकरण परखा, गुणवत्ता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर की सड़कों को बेहतर और सुगम बनाने की दिशा में नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे डामरीकरण कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में नगर पालिका प्रभारी अध्यक्ष एवं डिप्टी कलेक्टर अंजली शर्मा ने गुरुवार को अंबेडकर चौराहे से बैकुंठी तक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी नपाध्यक्ष अंजली शर्मा ने सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचकर डामरीकरण कार्य का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्य में अपनाई जा रही तकनीकी प्रक्रियाओं, सड़क की गुणवत्ता तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप किए जा रहे कार्यों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। साथ ही निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की भी जांच कर आवश्यक निर्देश दिए। प्रभारी नपा अध्यक्ष शर्मा ने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्य को तय समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए तथा गुणवत्ता के सभी मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को लंबे समय तक बेहतर और सुरक्षित आवागमन सुविधा मिल सके।

शोक की लहर, 82 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, कलेक्टर ने दी श्रद्धांजलि

## आंचलिक पत्रकारिता के भीष्म पितामह दादा अधर्व्य पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

**मंदिर का कार्य पूर्ण कर मानो निभाकर गए अपनी जिम्मेदारी: कलेक्टर श्रोत्रिय**



दादा राजेंद्र अध्वर्यु को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने भावुक शब्दों में कहा कि मात्र चार दिन पहले दादा अध्वर्यु ने उन्हें व्हाट्सएप संदेश भेजकर श्री बिहारी जू हवेली मंदिर में पूर्ण हुए विकास कार्यों की जानकारी दी थी। उन्होंने मंदिर के फोटोग्राफ और वीडियो भी साझा किए थे। कलेक्टर श्रोत्रिय ने कहा कि संदेश भले ही उन्होंने मुझे भेजा था, लेकिन आज लगता है मानो वह पूरे नगर को अपने अंतिम कार्य की सूचना दे रहे थे। मंदिर की मरम्मत और साज-सज्जा का कार्य पूर्ण होने के बाद उन्हें एक विशेष संतोष अवश्य मिला होगा। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ का नाम स्वयं टीकमजी अर्थात भगवान श्रीकृष्ण के नाम पर पड़ा है और यहां के आराध्य श्री बिहारी जू भगवान हैं। उनकी सेवा और संरक्षण का सौभाग्य अध्वर्यु परिवार को पीढ़ियों से प्राप्त रहा है। दादा राजेंद्र अध्वर्यु ने इस परंपरा को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाया। दादा राजेंद्र अध्वर्यु का निधन केवल एक व्यक्ति का अवसान नहीं, बल्कि टीकमगढ़ की पत्रकारिता, इतिहास और सांस्कृतिक चेतना के एक जीवंत अध्याय का अंत है। उनकी स्मृतियां, उनका योगदान और उनके आदर्श आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करते रहेंगे।

बुंदेलखंड की आंचलिक पत्रकारिता का एक युग शुक्रवार को समाप्त हो गया। वरिष्ठ पत्रकार, इतिहासकार, समाजसेवी और पत्रकारिता जगत के मार्गदर्शक दादा राजेंद्र अध्वर्यु का शुक्रवार सुबह लगभग 4:30 बजे 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पत्रकारिता, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। शाम के वक्त मुक्तिधाम में उन्हें अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम विदाई दी गई, जहां बड़ी संख्या में पत्रकार, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, समाजसेवी और नगरवासी उपस्थित रहे।

दादा राजेंद्र अध्वर्यु केवल एक पत्रकार नहीं थे, बल्कि बुंदेलखंड की आंचलिक पत्रकारिता की जीवंत पहचान थे। उन्होंने उस दौर से पत्रकारिता की शुरुआत की थी, जब समाचारों के संकलन और प्रकाशन के संसाधन सीमित थे। कागज और कलम से शुरू हुआ उनका पत्रकारिता सफर आधुनिक डिजिटल युग तक पहुंचा, लेकिन उनकी कार्यशैली, निष्पक्षता और जनसरोकारों के प्रति समर्पण कभी नहीं बदला। पत्रकारिता को उन्होंने हमेशा समाज के प्रति उत्तरदायित्व और जनसेवा का माध्यम माना। यही कारण था कि वे नई पीढ़ी के पत्रकारों के लिए प्रेरणा स्रोत बने रहे। पत्रकारिता के क्षेत्र में आने वाले अनेक युवाओं को उन्होंने मार्गदर्शन दिया और उन्हें निष्पक्ष तथा जनहितकारी पत्रकारिता के मूल्यों से परिचित कराया। बरिष्ठ पत्रकार डॉ नरेंद्र अरजरिया व धर्मेश त्रिपाठी ने कहा कि दादा राजेंद्र अध्वर्यु को टीकमगढ़ की पत्रकारिता का चलता-फिरता इतिहास कहा जाता था। स्वतंत्रता आंदोलन, रियासतकालीन घटनाओं, सामाजिक परिवर्तनों और जिले के राजनीतिक इतिहास से जुड़ी अनेक दुर्लभ जानकारियां उनके पास सुरक्षित थीं। वर्षों के परिश्रम से संकलित उनके दस्तावेज, लेख और ऐतिहासिक संग्रह आज भी शोधकर्ताओं, इतिहासकारों और पत्रकारों के लिए बहुमूल्य धरोहर माने जाते हैं। उनकी स्मरण शक्ति, अध्ययनशीलता और इतिहास के प्रति गहरी रुचि उन्हें विशिष्ट बनाती थी। किसी भी विषय पर तथ्यात्मक जानकारी देने की उनकी क्षमता अद्भुत थी। यही कारण था कि जिले में इतिहास और पत्रकारिता से जुड़ी किसी भी महत्वपूर्ण जानकारी के लिए लोग सबसे पहले दादा अध्वर्यु की शरण में पहुंचते थे। दादा का व्यक्तित्व जितना विद्वतापूर्ण था, उतना ही आत्मीय भी था। पत्रकारों की समस्याओं में वे हमेशा अग्रिम पंक्ति में खड़े दिखाई देते थे। उनके घर के दरवाजे हर समय पत्रकारों, विद्यार्थियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए खुले रहते थे। उनके स्नेह, मार्गदर्शन और सहयोग ने कई पीढ़ियों को प्रभावित किया।

उनके निधन से पत्रकारिता जगत ने केवल एक वरिष्ठ पत्रकार नहीं खोया, बल्कि वह व्यक्ति खो दिया जिसने दशकों तक आंचलिक पत्रकारिता को दिशा और पहचान देने का कार्य किया। उनके जाने से बनी रिक्तता को भर पाना आसान नहीं होगा। दादा राजेंद्र अध्वर्यु धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से भी गहराई से जुड़े रहे। विशेष रूप से श्री बिहारी जू मंदिर और उससे जुड़ी परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। अंतिम समय तक वे समाज, संस्कृति और पत्रकारिता के कार्यों में सक्रिय बने रहे।

### आंधी से पाली रोड पर पलटा ऑटो और पत्थरों से भरी ट्रॉली,सूसवाडा में ढह गई टीनशेड की दीवार

# आंधी के साथ बरसी आफत की बारिश, 4 की मौत, 2 घायल, दर्जनों पेड़ टूटे





**बारिश ने दी गर्मी से राहत**

अचानक हुई बारिश से पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत देने का काम जरूर किया शुक्रवार को सुबह से गर्मी और उमस के चलते लोगों के बुरे हाल हो रहे थे, धूप छांव का खेल दिन भर से चल रहा था लेकिन बादल होने से उमस भी बड़ गई थी जिससे लोग गर्मी से बेहाल दिखाई दिए. अचानक हुई इस बारिश ने मौसम में ठंडक लाने का काम कर दिया जिससे लोगों को राहत मिली।

**खुली नाला सफाई की पोल**

हालांकि बारिश इतनी अधिक नहीं थी की उससे नदी नालों पर कोई असर हो लेकिन तेज आंधी से नुकसान अधिक पहुंचा. उधर बारिश ने ही शहर में हो रहे नाला सफाई अभियान की पोल खोल कर रख दी. जिन नालों की सफाई नगर पालिका युद्ध स्तर पर करने का दावा कर रही है उन नालो में आज बारिश का पानी बहने के बजाय ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बहता दिखा. चूड़ी बाजार, सब्जी मंडी, तोड़ी गणेश बाजार, पुल दरवाजा रोड, मछली मार्केट में बाढ़ जैसा नजारा दिखाई पड़ा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शुक्रवार को अचानक बदले मौसम के बाद तेज आंधी के साथ हुई बारिश में पूरे क्षेत्र को तहस नहस कर रख दिया। आंधी ने कई पेड़ों को जड़ से उखाड़ कर फेंक दिया तो कई पेड़ों की डालें टूटकर सड़कों पर गिर गई। जिससे बिजली व्यवस्था कई घंटे बाधित रही। उधर सूसवाडा गांव में एक शेड के नीचे आश्रय लेने पहुंचे पति पत्नी समेत तीन लोगो की मौत टीनशेड की दीवार गिरने से उसमें दबकर हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए। शहर के पाली रोड पर भी एक बुजुर्ग महिला की मौत तेज आंधी से ऑटो पलट जाने के कारण होने की जानकारी मिली है.

शुक्रवार को शाम करीब 3:30 बजे अचानक मौसम बदला और पहले बूंदाबांदी शुरू हुई और फिर तेज बारिश के साथ आंधी चलना शुरू हो गई। तेज आंधी ने सब कुछ तहस नहस कर दिया. जिला मुख्यालय पर पाली रोड पर कई पेड़ टूट कर सड़क पर गिर गएख वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेड़ों के टूट गए, कई जगह छप्पर उड़ने की सूचना मिली, सबसे दुखद घटना आवदा थाना क्षेत्र के सूसवाड़ा गांव में सामने आई। दरअसल सूसवाडा गांव में परिमाल सिंह के खेत पर टीनशेड बनी है। जहां खेत में काम कर रहे कुछ लोग आंधी और बारिश से बचने के लिए टीनशेड में जाकर बैठ गए। तेज आंधी से शेड तो उड़ा ही दीवार भी गिर गई जिसके नीचे तीनो लोग दब गए. हालांकि ग्रामीणों ने दौड़ भागकर दीवार के नीचे दबे लोगों को निकाल लिया और उन्हे नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया,जहां भीमा आदिवासी 45 वर्ष पुत्र लक्ष्मण आदिवासी तथा उसकी पत्नी सीमा आदिवासी 42 वर्ष, राजवती आदिवासी 25 वर्ष पत्नी राहुल आदिवासी निवासी रजपुरा को मृत घोषित कर दिया। जबकि रिंकू 22 वर्ष पुत्र भीमा आदिवासी घायल हो गए। इसके अलावा सूंसवाडा गांव में विष्णु 40 वर्ष पुत्र दयाराम बैरागी की टीनेशड भी तेज आंधी में गिर गई। जिसमें दबकर विष्णु बैरागी जख्मी हो गया,जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में दाखिल कराया गया। आवदा थाना प्रभारी डीएस मालवीय ने बताया कि तीनो मृतको के शवो का जिला अस्पताल में पीएम कराकर परिजनो को सौप दिए है और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। इधर पाली रोड पर गांव जाने के लिए अपने बेटे के साथ खडी ग्राम जैनी निवासी वृद्ध महिला भरोसी बाई 70 वर्ष पत्नी शंकरलाल बैरागी की ऑटो पलट जाने के कारण मौत हो गई। ज्ञात हो कि सप्ताह भर पहले भी इस तरह की आंधी आई थी जिसने पूरे जिले को बर्बाद कर दिया था आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर पेड़ टूटने छप्पर उड़ने की सूचना मिली थी।

### फोरेस्ट, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

## माफिया ने डंप करके रखी 250 ट्रॉली रेत प्रशासन ने जेसीबी चलाकर मिट्टी में मिलाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वीरपुर तहसील क्षेत्र में रेत माफिया के द्वारा अवैध रूप से डंप करके रखी करीब ढाई सौ ट्रॉली रेत को फोरेस्ट,राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जेसीबी चलाकर मिट्टी में मिला दिया। हालांकि इस दौरान कार्रवाई करने वाली प्रशासन की टीम को कोई रेत माफिया मौके पर नहीं मिला,लेकिन इस कार्रवाई से रेत माफिया में फिलहाल हडकंप की स्थिति बन गई है। अब रेत माफिया में हडकंप की यह स्थिति कितने दिन रहेगी,यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा, क्योंकि इस तरह की कार्रवाई पहले भी इस क्षेत्र में की जा चुकी है,इसके बाद भी रेत माफिया कुछ दिन अपने कारोबार को बंद रखने के बाद फिर से अपने कारोबार को तेजी के साथ शुरू कर देते है।

दरअसल कलेक्टर शीला दाहिमा और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में राजस्व और पुलिस विभाग की टीम फोरेस्ट टीम के साथ संयुक्त रूप से कार्रवाई करने के लिए वीरपुर क्षेत्र में पहुंची। मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान के लिए रवाना हुई प्रशासन की इस संयुक्त टीम में तहसीलदार वीरपुर वीरेन्द्र वघेल, रेंज आफिसर दीपक शर्मा तथा थाना प्रभारी वीरपुर महाराज सिंह वघेल अपनी अपनी टीम के साथ शामिल थे। यह टीम जब इमरतापुरा की झोपडी के आगे ग्राम काउपुरा रोड की तरफ सरकारी जमीन पर चंबल नदी की रेत भंडारित करके रखी हुई नजर आई। जो कि करीब 250 ट्रॉली थी और उसकी बाजारू कीमत करीब 5 से 6 लाख रूपए थी। मौके पर प्रशासन की टीम को रेत के ढेरो के पास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं मिला और न ही किसी व्यक्ति ने इस रेत को अपनी रेत बताया। जिसके बाद प्रशासन की टीम ने जेसीबी चलाकर रेत के ढेरो को मिट्टी में मिला दिया। इस कार्रवाई में वीरपुर थाना प्रभारी महाराज सिंह वघेल के साथ प्रआर अमित यादव, आरक्षक सुदीप पाण्डे, विकास शर्मा, सोनू बारेला भी मौजूद थे।

## मैरिज गार्डन का होगा सत्यापन, जीवन रक्षक उपकरण नहीं तो संचालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शहर के होटल और मैरिज गार्डन में जीवन रक्षक उपकरणों की कमी होने पर उन्हें बंद भी किया जा सकता है. इस संबंध में कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने सीएमओ आरआर यादव को पत्र लिखकर सभी होटल मैरिज गार्डन का सत्यापन करने के निर्देश दिए हैं जिसमें जीवन रक्षक उपकरणों की आवश्यकता पर जोर दिया गया है यह उपकरण जहां नहीं मिलेंगे उन संस्थाओं को बंद भी किया जा सकता है. एडीएम का पत्र मिलने के बाद सीएमओ ने टीम बनाकर मैरिज गार्डन और होटल में जांच करने की तैयारी शुरू कर दी है.

एडीएम रूपेश उपाध्याय द्वारा लिखे गए पत्र में उल्लेख है कि देश के विभिन्न भागों में होटल, अस्पताल एवं अन्य प्रतिष्ठानों में अग्नि दुघर्टनाएं घटित हुई हैं जिससे बड़ी संख्या में जनहानि हुई है। इसमें यह भी पाया गया है कि इन प्रतिष्ठानों में फायर सेफ्टी सिस्टम ठीक से काम नहीं कर रहा था तथा फायर एनओसी नहीं ली गई थी। नगर श्योपुर में तेजी से होटल, लॉज, प्रायवेट नर्सिंग होम, अस्पताल एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की संख्या बढ़ रही है। इनमें फायर सेफ्टी सिस्टम निर्धारित मानकों के अनुसार लगा होना चाहिए तथा फायर एनओसी अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाना चाहिए। समय-समय पर इनका फायर सेफ्टी ऑडिट भी होते रहना चाहिए ताकि अग्नि दुर्घटना घटित होने की स्थिति में जनहानि को रोका जा सके, एडीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया है कि नगर में संचालित सभी होटल, लॉज, मैरिज गार्डन तथा अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का जहां बड़ी संख्या में नागरिकों का आना जाना होता है उनका अनिवार्यतः पंजीयन किया जाये तथा की गई कार्यवाही से इस कार्यालय को अवगत कराया जावे। एडीएम के इस निर्देश के बाद सीएमओ ने नगरपालिका कर्मचारियों की टीम बनाकर ऐसे सभी संस्थानों का परीक्षण कराने की तैयारी कर ली है जहां लोगों की भीड़ हमेशा बनी रहती है.

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर,

कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देशानुसार विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के संयुक्त तत्वावधान में सलापुरा आदिवासी बस्ती एवं गांव जाटखेड़ा में जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण अधिकारी विष्णुकांत दुबे ने बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 2016 की जानकारी देते हुए बाल श्रम के दुष्प्रभावों एवं बच्चों के अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है तथा बच्चों को शिक्षा एवं सुरक्षित बचपन का अधिकार प्राप्त है।

बाल कल्याण समिति के सदस्य गौरव आचार्य ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बाल मजदूरी, बाल शोषण एवं बाल अधिकारों के उल्लंघन की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को देने की अपील की। उन्होंने बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा एवं संरक्षण के महत्व पर भी जोर दिया। इस अवसर पर आरकेएसके काउंसलर विप्लव शर्मा ने किशोर-किशोरियों के लिए कार्य करने वाली विभिन्न संस्थाओं एवं विभागों जैसे महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की भूमिका के बारे में जानकारी दी।

## कराहल में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ, संतरा और कुशना बाई को मिला कल्याणी पेंशन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी द्वारा शासन निर्देशो के क्रम में कराहल में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सीईओ राकेश शर्मा, जयदीप तोमर, प्रभारी परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास सुषमा सोनी, एनआरएलएम से सोनिया परिहार सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें। कराहल में आयोजित जनकल्याण शिविर का संभागायुक्त सुरेश कुमार द्वारा भी अवलोकन किया गया और पोर्टल पर दर्ज किये जा रहे आवेदनों तथा निराकरण की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

जनपद पंचायत परिसर में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर के प्रथम दिन कुल 172 आवेदन दर्ज किये गये, जिनमें से 146 आवेदनों में तत्काल स्वीकृति प्रदान की गई। शिविर के दौरान ग्राम चितारा निवासी संतरा बाई गुर्जर एवं बाढ निवासी कुशना बाई को सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत मुख्यमंत्री कल्याणी पेंशन का लाभ दिया गया। इसके साथ ही कराहल निवासी रामकन्या कुशवाह एवं दक्खो बाई कुशवाह को भी सामाजिक सुरक्षा पेंशन अंतर्गत विधवा पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। शिविर के दौरान आयुष्मान योजना से संबंधित 136 आवेदन मौके पर ही स्वीकृत करने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार जाति, आय, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, ट्रेड लाईसेंस तथा भवन एवं सनिर्माण कर्मकार मंडल अंतर्गत पंजीयन हेतु 1-1 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हे स्वीकृत करने की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, महात्मा गांधी सेवा आश्रम, पशुपालन विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग एवं आजीविका मिशन सहित अन्य विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी एवं स्टॉल का अवलोकन किया गया। उल्लेखनीय है कि जिले की सभी नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों में 12 से 18 जून तक तीन दिवसीय शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद पंचायत कराहल में शिविर का आयोजन किया गया, यह शिविर 14 जून तक जारी रहेगा। इसी प्रकार आज नगरपरिषद बडौदा में भी जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 142 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका पोर्टल पर पंजीयन किया गया।

## विधानसभा अध्यक्ष के जन्मदिन पर भाजपाईयों ने किया फल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।



विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के जन्मदिन भाजपा नेताओं ने श्रद्धापूर्वक मनाया इस दौरान भाजपा नेताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों की कुशलक्षेम पूछी और उन्हें फल वितरण किए.जिला अस्पताल में फल वितरण करने पहुंचे भाजपा नेताओं ने वहां भर्ती मरीजों से उनके हाल-चाल जाने इस दौरान एक दो मरीज ने शिकायत की कि उन्हें प्रॉपर इलाज नहीं मिल रहा है. इस पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल को फोन लगाकर संबंधित मरीज का परीक्षण और अच्छे से इलाज करने, निशुल्क दवा अस्पताल से उपलब्ध कराने को कहा इस दौरान भाजपा नेताओं ने मरीजों को बताया कि आज विधानसभा अध्यक्ष जो अपने क्षेत्र से दो बार सांसद रह चुके हैं तथा केंद्रीय मंत्री रहते हुए जिले को बहुत सौगातें दिलाई है उनका आज जन्मदिन है उन्होंने सभी मरीजों और परिजनों से विधानसभा अध्यक्ष की लंबी उम्र के लिए ईश्वर से प्रार्थना करने का अनुरोध किया. इस दौरान पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय भाजपा नेता महावीर सिंह सिसोदिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र जाट, पूर्व नपाध्यक्ष ओम राठौर, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कमिश्नर की अध्यक्षता में योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

# रेलवे लाइन का 95 प्रतिशत कार्य पूरा, शेष कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराएं: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




**रोस्टर अनुसार करे स्कूल और छात्रावासों का निरीक्षण**

कमिश्नर ने कहा कि स्कूल, छात्रावासों का संचालन बेहतर तरीके से सुनिश्चित किया जायें तथा अधिकारियों को रोस्टर अनुसार निरीक्षण के लिए नियुक्त किया जायें। पेयजल व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया गया कि एकल नलजल योजनाओं को पूर्ण कर पंचायतों को हैंडओवर किया जायें। जिन क्षेत्रों से पेयजल समस्या के संबंध में सूचना प्राप्त होती है, तो तत्काल उसका निराकरण सुनिश्चित किया जायें। बैठक में कलेक्टर शीला दाहिमा ने बताया कि श्योपुर जिले में 12 से 18 जून तक नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों में जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है तथा पेयजल व्यवस्थाओं के लिए पीएचई सहित जिला पंचायत में कन्ट्रोलरूम संचालित है, जहां पर शिकायतें प्राप्त होने पर तत्काल निराकरण की कार्यवाही की जा रही है।

**खाद का भंडारण पर्याप्त मात्रा में रखा जाए**


समीक्षा बैठक के दौरान कमिश्नर सुरेश कुमार ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ई-विकास प्रणाली का ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जायें तथा उर्वरक का भण्डारण पर्याप्त मात्रा में रखा जायें। आवश्यकतानुसार उर्वरक की डिमांड भेजी जायें। उर्वरक वितरण में किसानों को किसी बात की कोई समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जायें। उन्होंने जिले में प्राकृतिक खेती को बढावा देने के लिए किसानों को प्रेरित करने के निर्देश भी दियें। इसके साथ ही उन्होंने उद्यानिकी विभाग अंतर्गत पीएमएफएमई के लक्ष्य अनुरूप प्रकरण वितरण करने, पशुपालन विभाग अंतर्गत कृत्रिम गर्भाधान का लक्ष्य पूर्ण करने, मत्स्य केज कल्चर को प्रमोट करने तथा वर्षाकाल में जलाशयों, नदियों आदि स्थलो पर सैलानियों के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दियें। उन्होने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि कोई भी वाहन बगैर नंबर प्लेट के नही होना चाहिए, ऐसे वाहन मिलने पर कडी कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

वीरपुर से श्योपुर तक रेलवे लाइन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जायें। वर्तमान में 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है, रेलवे ट्रेक तथा स्टेशनों के निर्माण में जो कार्य शेष है, उसे जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। यह निर्देश कमिश्नर सुरेश कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित विभागीय अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए। बैठक में कलेक्टर शीला दाहिमा, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, प्रभारी सीईओ जिला पंचायत एवं एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, कराहल बीएस श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में संभागायुक्त सुरेश कुमार को रेलवे अधिकारियों ने अवगत कराया कि वीरपुर से श्योपुर के बीच 70.49 किलोमीटर के रेलवे ट्रेक सहित अन्य कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो गये है तथा मार्च 2027 तक सभी कार्यो को पूर्ण कर लिया जायेगा। इस दौरान जानकारी दी गई कि 8 स्टेशनों पर फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। संभागायुक्त ने निर्देश दिये कि विश्व पर्यावरण दिवस से 21 जून 2026 तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मध्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान तथा जनकल्याण शिविर आयोजित किये जाने है। पौधरोपण कार्यो के फोटो वायुदूत अंकुर एप पर अपलोड किये जायें, इसी प्रकार जनकल्याण शिविरों के माध्यम से योजनाओं में शेष पात्र हितग्राहियों का पंजीकरण कर लाभ प्रदान किया जाये। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून का आयोजन जिला मुख्यालय सहित विकासखण्ड मुख्यालयों पर किया जाए।

## 15 जून से आरंभ होगा दाऊदी बोहरा समुदाय का 10 दिवसीय मातमी पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



शिया दाऊदी बोहरा समाज का नया वर्ष मिसरी कैलेंडर के अनुसार 1448 हिजरी सन 15 जून 2026 से प्रारंभहोगा। हालांकि नए साल का शुभारम्भ माह मोहर्रम की पहली तारीख से होगा लेकिन बोहरा समुदाय नव वर्ष को हर्षोल्लास के बजाए 10 दिनों के मातमी पर्व के रूप में मनाता है. ज्ञात हो की मोहर्रम की 10 तारीख़ को पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्ललाहु अलैहि वसल्लम के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके परिवार को करबाला में कुरुर शासक यजीद ने कत्ल करवा दिया था. तभी से शिया मुस्लिम इस दिन को मातम के रूप में मनाते चले आ रहे हैं।

दाऊदी बोहरा समाज के प्रवक्ता सिराज दाऊदी ने बताया कि मोहर्रम की दूसरी तारीख से कर्बला की ऐतिहासिक घटना और इमाम हुसैन (अ.स.) तथा उनके परिवार पर हुए अत्याचारों का वर्णन समाज की मस्जिदों में विशेष वाअज़ कार्यक्रमों के माध्यम से किया जाएगा। धर्मगुरु की रज़ा मुबारक से उनके प्रतिनिधि समाजजनों को कर्बला का वाकिया और और हजरत इमाम हुसैन की क़ुरबानी की महत्ता से रूबरू कराएंगे मोहर्रम की 10वीं तारीख, आशूरा के दिन, समाजजन अपना समस्त कारोबार बंद रखेंगे, हालांकि विगत सालों की तरह इन 10 दिनों में समस्त कारोबार बंद करना है या सिर्फ एक दिन इसके निर्देश भी मुंबई से आने वाले हैं और मस्जिदों में आयोजित मजलिसों में शामिल होकर इमाम हुसैन एवं उनके परिजनों की शहादत को याद करेंगे। यह दिन दाऊदी बोहरा समाज के लिए सबसे बड़े गम का दिन माना जाता है, जिसमें समाजजन मातम कर अपने दुख और श्रद्धा का इजहार करते हैं। इस वर्ष भी समाज के 53वें धर्मगुरु, डॉ. सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन लंदन से मोहर्रम के अवसर पर विशेष वाअज़ फरमाएंगे, जिनका प्रसारण ऑडियो-वीडियो माध्यमों से श्योपुर सहित विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से दो घायल

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत अचलगढ़ निवासी रामपाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बहादुरपुर रोड पर मुकेश खटीक के पेट्रोल पंप के पास लाल रंग के मिनी ट्रेक्टर चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर फरियादी और उसके ससुर को टक्कर मार दी जिससे उन्हे चोटे आईं है। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### पुलिस ने 60 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की

**अशोकनगर।** जिले की चंदेरी पुलिस ने ग्राम करैया पहाड़पुर निवासी दीपक पुत्र बृजभान सिंह परमार के पास से नहर की पुलिया के पास दो ड्रमों में बेचने के लिए रखी 30-30 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार देहात थाने की पुलिस ने मनप्रीत सिंह सिक्ख निवासी नहर कॉलोनी अशोकनगर के पास से 9 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### खेत में काम करने के दौरान 45 वर्षीय की ट्रैक्टर में दबने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के पथरिया गांव में एक ग्रामीण की खेत में काम करते समय ट्रेक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई। मृतक का नाम राम सिंह पुत्र तुलसीराम उम्र 45 वर्ष है। बताया गया है कि गांव में किसी और के खेत में मिटटी कुए से हटाने का काम चल रहा था उसी स्थान पर राम सिंह बैठा हुआ था, ट्रेक्टर चालक उन्हें देख नहीं पाया और ट्रेक्टर का पहिया उनके ऊपर से गुजर गया, जिसके बाद उन्हें पहले बहादुरपुर अस्पताल लाया गया बाद में जिला अस्पताल लाया गया जहां उनकी मौत हो गई। मृतक की 10 संतान हैं और 10 ही बेटियां हैं।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम हिनोतिया फूट निवासी रामवीर यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नेपाल और विवेक यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवासी ग्राम कालीटोर ने उदयभान गुर्जर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजेन्द्र,सनी,ऋषि और डिग्गी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से ऋषि परमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उदयभान और आयुष परमार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सर्करा निवासी राकेश केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मदन और बल्लू केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से बलराम केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि राकेश और मनीष केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवनगर कॉलोनी मुंगावली निवासी ज्योति प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामकिशन प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत काजी मोहल्ला निवासी भगवान दास प्रजापति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रूपसिंह और जगदीश प्रजापति ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

---

### कलेक्टर खाद वितरण केंद्र पर पहुंच, टोकन क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए

# नईसराय में कांग्रेस ने खाद वितरण को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





जिले में किसानों को खाद के लिए पसीना बहाना पड़ रहा है एक ओर नईसराय मुख्यालय पर कांग्रेस ने किसानों के साथ खाद वितरण में हो रही परेशानी और अनियमितताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। उधर दूसरी ओर कलेक्टर साकेत मालवीय डबल लॉक खाद वितरण केन्द्र पहुंचे और खाद वितरण की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने ई टोकन बुक करने की क्षमता बढाए जाने के निर्देश दिए।

#### कांग्रेस का नईसरायं में चैराहे पर चक्काजाम,

किसानों को खाद मिलने में आ रही परेशानी और ई टोकन प्रणाली में सामने आ रही अनियमितताओं सहित तमाम मुद्दों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस और किसान कांग्रेस के बैनर तले कांग्रेस पार्टी द्वारा गुरुवार को जमकर विरोध जताया। इस दौरान नईसराय के बस स्टेंड पर दोपहर एक बजे से लेकर दो बजे तक एक घंटे के लिए चक्का जाम भी किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

#### चंदेरी के पूर्व विधायक ने कहा सरकार किसानों को लेकर चिंतित नहीं

चक्का जाम के बीच पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान ने कहा कि क्षेत्र के गरीब किसान एवं मजदूर किसान अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए परेशान हो रहा है लेकिन भाजपा सरकार कुंभकरण की नींद सो रही है।

#### भाजपा शासन में भ्रष्टाचार चरम पर-विधायक हरीबाबू राय

वहीं अशोकनगर कांग्रेस विधायक हरीबाबू राय ने कहा कि भाजपा शासन भ्रष्टाचार चरम पर है ब्लॉक अध्यक्ष शिशुपाल रघुवंशी ने फसल बुबाई का समय आ गया है किसान खाद के लिए रात रात भर ई-टोकन और खाद के तप्ती दोपहर में लाईन में लगने के बाद खाद नहीं मिल पा रहा के लिए किसान कितना परेशान हो रहे हैं।

**विरोध प्रदर्शन के दौरान कईं अनियमित्ताएं गिनाई गईं** किसानों की खाद (डीएपी एवं यूरिया) की कमी तथा ई-टोकन व्यवस्था में आ रही समस्याओं को लेकर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में किसानों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही है और ई-टोकन प्रणाली में तकनीकी खामियों एवं अव्यवस्थाओं के कारण उन्हें बार-बार परेशान होना पड़ रहा है। खेती के महत्वपूर्ण समय में किसानों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

#### कलेक्टर ने खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं



कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा गुरूवार को डबल लॉक केंद्र अशोकनगर का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान टोकन बुक की क्षमता बढ़ाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक कृषकों को समिति के सदस्य बनाए जाएं। निरीक्षण के दौरान किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि कृषक सोसायटी समिति का सदस्य है, उस समिति अंतर्गत ही टोकन बुक का चयन करें। उन्होंने कहा कि ई टोकन बुक उपरांत जो कृषक डबल लॉक केंद्र पर उपस्थित है, सभी के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाएगा।

#### ज्ञापन सौंपकर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की गई

चक्का जाम के बाद ब्लॉक कांग्रेस एवं किसान कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर मांग की किसानों को बिना किसी बाधा के पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए तथा ई-टोकन व्यवस्था में सुधार कर इसे सरल और पारदर्शी बनाया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो भविष्य में और व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनिन्दर सिंह ,भुल्लर विधानसभा प्रभारी प्रमोद रघुवंशी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह, किसान, कांग्रेस अध्यक्ष रीतेश रघुवंशी मंडलम अध्यक्ष सिरनाम सिंह, और समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे और सभी ने किसानों के हित में एकजुट होकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया।

#### उर्वरक के अवैध विक्रय, भंडारण, कालाबाजारी की सूचना देने पर एक हजार रुपए का इनाम



कृषि व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और किसानों को असली व गुणवत्तापूर्ण खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा ऐतिहासिक कदम उठाया है। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रदेश में सूचना दाता प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।
इस योजना के तहत उर्वरक के अवैध विक्रय, भंडारण, कालाबाजारी और नकली या मिलावटी खाद बनाने वालों की सही जानकारी देने वाले सजग नागरिक को सरकार द्वारा 1000 रूपये की नकद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इसके साथ ही सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। उप संचालक कृषि अशोकनगर अमित भदौरिया ने बताया कि शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, इस योजना का मुख्य उद्देश्य खाद की कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना, नकली व मिलावटी उर्वरकों के निर्माण को रोकना और नियम विरुद्ध काम करने वालों पर सख्त कार्रवाई करना है। इस योजना का लाभ प्रदेश का कोई भी नागरिक, किसान या व्यापारी उठा सकता है।

---

## रेलवे अतिक्रमण कार्रवाई के प्रभावितों को नपा अध्यक्ष ने दिया हरसंभव सहायता का आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

रेलवे लाइन के किनारे अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से प्रभावित एवं बेघर हुए परिवारों से नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जिन परिवारों के मकान पूरी तरह टूट गए हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

प्रभावित लोगों के लिए दीनदयाल रसोई के माध्यम से भोजन की व्यवस्था भी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पक्के मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके घरों तक नगर पालिका की पेयजल पाइपलाइन पहुंचाने का कार्य कराया जाएगा। इसके अलावा बिजली कनेक्शन पुनः जोड़ने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि संकट की इस घड़ी में नगर पालिका प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान भाजपा नेता राकेश सेन, नपा उपयंत्री जयदीप शाक्यवार, विवेक ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## न्यायाधीशों ने दी साइबर फ्रॉड, घरेलू हिंसा, व्हीकल एक्ट की जानकारी




**बीना।** मंडी बामोरा हायर सेकेंडरी स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन में किया गया। शिविर में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय जैन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र कुंडू नायक, मजिस्ट्रेट मृदुल जैन, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रविंद्र जैन के द्वारा साइबर फ्रॉड, घरेलू हिंसा, मोटर व्हीकल एक्ट आदि अपराधिक विषयों में विधि पहलुओं की जानकारी दी गई तथा लोक अदालत के संबंध में आयोजन संबंधी जानकारी दी गई। विधिक साक्षरता शिविर में आयोजन कर्ता के रूप में मंडी बामोरा के गणमन नागरिक तथा अधिवक्ता महेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया तथा वीरेंद्र प्रजापति द्वारा सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिकारी राकेश मिश्रा, हर्ष रघुवंशी आदि अधिवक्ता गणों ने सहभागिता की।

---

## चंदेरी सिविल अस्पताल में 30 यूनिट रक्त संग्रहित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

स्थानीय सिविल हॉस्पिटल चंदेरी में बुधवार को एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के जागरूक नागरिकों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और शासकीय सेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नोडल अधिकारी व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पंकज गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में कुल 30 यूनिट ब्लड संग्रहित किया गया।

#### जागरूक नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने किया रक्तदान

शिविर में रक्तदान की शुरुआत सर्वप्रथम जयेन्द्र जैन निप्पू ने की। इसके बाद पार्षद अमित सोमानी, पत्रकार उमेश श्रोत्रिय, गौरव माथुर और पार्षद पीयूष बुंदेला ने अपनी टीम के साथ रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। इसके साथ ही एडवोकेट निर्मल विश्वकर्मा, एडवोकेट संदीप श्रीवास्तव, एडवोकेट अमित जैन, पत्रकार दिनेश प्रजापति, विकासखंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. प्रशांत दुबे और मंडल अध्यक्ष राहुल शेषा सहित अनेक प्रबुद्ध जनों ने रक्तदान किया।

युवाओं और नागरिकों को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए। जन्मोत्सव जैसी कड़ियों को जोड़कर हम समाज में रक्तदान के प्रति सकारात्मक संदेश देना चाहते हैं।
**डॉ. पंकज गुप्ता,** नोडल अधिकारी

#### ब्लड बैंक टीम का रहा सहयोग, जल्द मिलेंगे प्रमाण पत्र

रक्त संग्रहण का कार्य जिला मुख्यालय अशोकनगर से आई ब्लड बैंक की विशेष टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. योगेश मिश्रा, अशोक लालमणि सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान सीबीएमओ डॉ. प्रशांत दुबे ने घोषणा की कि सभी रक्तदाताओं को जल्द ही गरिमामय कार्यक्रम में रक्तदान प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। शिविर के सफल आयोजन पर नोडल अधिकारी डॉ. पंकज गुप्ता ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगी संस्थाओं और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मदद करने वाले सभी साथियों का आभार व्यक्त किया।

## दो पंचायतों में मुक्ति व शांति धाम से अतिक्रमण हटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरई



नगर के समीपस्थ ग्राम बक्सनपुर ओर ग्राम पंचायत जमा खेड़ी में एसडीएम इसरार खान की बड़ी कार्यवाही देखने को मिली। दोनों ही ग्राम पंचायतों में लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था। जिससे ग्रामों का विकास रुका हुआ था और लोगों को मुक्ति धाम न होने की वजह से वारिस के समय अंतिम संस्कार करने में भारी दिक्कत आती थी।

ग्राम पंचायत जमा खेड़ी में मुक्ति धाम को जगह चिन्हित न होने की वजह से लोग कही पर भी अंतिम संस्कार कर देते थे तो कई बार बीच सड़क पर भी अंतिम संस्कार किया गया।हे।अब बारिश के पहले शांति धाम बनाने से लोगों को बारिश में परेशानी से निजात मिल जाएगी। इस कार्यवाही से दोनों ही ग्रामों में मुक्ति धाम को जमीन आवंटित होने से काफी खुशी देखी गई। ग्राम बक्सनपुर एसडीएम इसरार खान ओर तहसीलदार अंजनी कुमार चैधरी के साथ पटवारी हल्का नम्बर दस जिला पंचायत के आदेश क्रमांक 2033 मनरेगा 2026 चंदेरी के पालन में अतिक्रमण दल गठित कर ग्राम बक्सनपुर में चिन्हित शांति धाम भूमि सर्वे क्रमांक 70 रकवा पर ग्राम पंचायत को शांति धाम बनाने को चिन्हित की गई को ग्राम पंचायत खैराइ को सौंपा। इस भूमि पर से अतिक्रमण मुक्त कराकर सरपंच फूल सिंह अहिरवार ओर सचिव को पंचनामा बना कर सौंपा।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत जमाखेड़ी जनपद पंचायत चंदेरी को शांतिधाम के लिए जिला पंचायत के पत्र क्रमांक 2023 मनरेगा 2026 पर कार्यवाही करते हुए एसडीएम इसरार खान तहसीलदार पटवारी दिमान सिंह सहित सरकारी अमला जेसीबी मशीन से सर्व क्रमांक 3051/1/2 रकवा 5.291 में से 30×30 वर्गफिट भूमि को चिन्हित कर ग्राम पंचायत सचिव ओर सरपंच रामकृष्ण सिंह लोधी को मौके पर पंचनामा बना कर मौके पर भुमि का कब्जा दिया गया।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत जमाखेड़ी में एक सामुदायिक भवन निर्माण के लिए सर्वे क्रमांक3051/1/2रकबा 5.291 हेक्टेयर में से 80×100 वर्गफीट भूमि को चिन्हित कर ग्राम पंचायत के सचिव सरपंच को उक्त भूमि का कब्जा दिया।

## पिपरेसरा गांव में दिव्य गीता स्वाध्याय सत्संग



**अशोकनगर।** गुरुवार को मुंगावली विधानसभा के पिपरेसरा गांव में दिव्य गीता स्वाध्याय सत्संग संपन्न हुआ। जिसमें मुंगावली विधायक राव ब्रिजेंद्र सिंह, रेडक्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष डॉ जयमंड़ल सिंह, गीता स्वाध्याय समिति प्रदेश अध्यक्ष वीरभान सिंह, विश्व हिन्दू परिषद से डॉ. दीपक मिश्रा, गीता स्वाध्याय समिति जिला अध्यक्ष जयमंड़ल सिंह (रिजौदा) अशोकनगर, कार्यकारी जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह, प्रदेश महामंत्री नन्दलाल सिंह पिपरेसरा, सूचना मंत्री कृष्णपाल सिंह, मीडिया प्रभारी राकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह, जिला सचिव जाहिंद्र सिंह, जिला महामंत्री उदयभान सिंह, जिला सदस्य भोलाराम, परमाल सिंह वायगा एवं पिपरेसरा सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप सिंह, आयोजक उधम कुशवाह एवं समस्त ग्राम वाशि पिपरेसरा उपस्थित रहे। विधायक के सानिध्य में मोदी के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में पौधरोपण भी किया गया।

## 5 हजार की लूट करने वाला आदतन अपराधी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पुलिस अधीक्षक सागर अनुराग सुजानिया के निर्देशन में जिले में अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे प्रभावी अभियान के तहत थाना बीना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने चाकू की नोक पर राहगीर से लूट की वारदात को अंजाम देने वाले एक आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया मशरूका एवं वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद किया है।

थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया फरियादी रामपाल पिता नाथूराम कुशवाहा उम्र 22 वर्ष निवासी बीना ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फरियादी 11 जून की रात्रि लगभग 9 बजे शास्त्री वार्ड से मुख्य मार्ग की ओर जा रहा था। इसी दौरान बंद गुल्ला ढाबा के पास आरोपी भरत सेन ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपी ने चाकू दिखाकर उसे आतंकित किया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी जेब से पर्स छीन लिया।

पर्स में 5 हजार नगद, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। विरोध करने पर आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट की और धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना बीना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की। पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लोहे का चाकू, लूटी गई 5 हजार की नगदी, फरियादी का पर्स, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज बरामद कर विधिवत जप्त किए गए।

## युवाओं को गाइड का प्रशिक्षण दिया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



ऐतिहासिक, धार्मिक और पुरातात्विक महत्व के लिए प्रसिद्ध कदवाया को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में चल रहे पर्यटन मित्र सह गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन किया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी साकेत मालवीय, एसडीएम त्रिलोचन गौड़ और तहसीलदार रोहित रघुवंशी ने प्रशिक्षणार्थियों के साथ क्षेत्र के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण कर पर्यटन विकास की संभावनाओं पर चर्चा की।

कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि कदवाया की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरें पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाओं का द्वार खोल सकती हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं को पर्यटन मित्र के रूप में प्रशिक्षित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ क्षेत्र की पहचान को भी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने कदवाया के प्राचीन मंदिरों और पुरातात्विक स्थलों का अवलोकन किया। साथ ही गांव में विकसित किए जा रहे एक कैफे का भी निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान मास्टर ट्रेनर हेमंत दुबे ने प्रशिक्षणार्थियों को मंदिर स्थापत्य, मूर्तिकला और ऐतिहासिक महत्व से जुड़ी व्यावहारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी ऐतिहासिक स्थल की जानकारी पर्यटकों तक रोचक, सरल और प्रमाणिक रूप में पहुंचाना अच्छे पर्यटन मित्र की पहचान होती है।

दूसरे दिन के कार्यक्रम में कलेक्टर ने बीजासन माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर मंदिर परिसर में स्थापित पर्यटन सूचना बोर्ड का उद्घाटन किया। इस बोर्ड के माध्यम से श्रद्धालुओं और पर्यटकों को कदवाया क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों की जानकारी प्राप्त होगी। ग्राम पंचायत कदवाया द्वारा कलेक्टर, एसडीएम और तहसीलदार को क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों के छायाचित्र भेंट किए गए।

### शाढ़ौरा में बावड़ी उत्सव का शुभारंभ किया

**शाढ़ौरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था मां करीला देवी जन कल्याण विकास समिति व नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाढ़ौरा के संयुक्त तत्वावधान में बावड़ी उत्सव कुंडलपुर मंदिर शाढ़ौरा पर आयोजित किया गया। संभाग समन्वयक सुशील बरुआ ने श्रमदान व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि प्राचीन बाबडी का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। जल संरचनाओं को संरक्षित कर आने वाली पीढ़ीयो के लिए जल स्त्रोत को सुरक्षित कर सकते हैं। जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने बताया कि सामूहिक प्रयास से जल संरक्षणों को सुरक्षित रख सकते।